# परिक्षेत्रीय कार्यालय,
# परिक्षेत्र बस्ती

# प्रेस नोट
# दिनांक – 08-08-2025

- **डीआईजी बस्ती के निर्देशन में परिक्षेत्र में संचालित 15 दिवसीय यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण अभियान।**

पुलिस उपमहानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी के निर्देशन मे परिक्षेत्र के जनपदों में दिनांक 01.08.2025 से 15.08.2025 तक "यातायात व्यवस्था सुदृढ़ीकरण अभियान" संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित रखना तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना है।अभियान के अंतर्गत दिनांक 01.08.2025 से 07.08.2025 तक परिक्षेत्र के सभी जनपदों में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष कार्यवाही की गयी—

(1). सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों और विवरण को अद्यतन रखने हेतु सभी जनपदों में I-RAID APP पर दुर्घटनाओं की 100% फीडिंग सुनिश्चित करायी जा रही है, जिससे भविष्य में सड़क सुरक्षा नीतियों के निर्माण में सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें।

(2). यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु परिक्षेत्र के जनपदों में ऑनलाइन कैमरा के माध्यम से ई-चालान प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी व साक्ष्य आधारित कार्यवाही की जा रही है।

(3). नगर पालिका, राजस्व विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रमुख कस्बों एवं बाजार, क्षेत्रों में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया जा रहा है, जिससे यातायात का सुचारु प्रवाह सुनिश्चित हो सके।

(4). जनपद के सभी मार्गों पर दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु संबंधित विभागों के सहयोग से बैरियर, स्पीड ब्रेकर एवं साइन बोर्ड लगवाये जा रहे है।

(5). राष्ट्रीय एवं मुख्य राजमार्गों पर, विशेषकर ढाबों के आसपास, सड़क/पटरी पर वाहनों की पार्किंग रोकने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय एवं मुख्य मार्गों पर खड़े कुल 201 वाहनों को हटवाया गया, जिनमें जनपद बस्ती से 157 वाहन, संतकबीरनगर से 21 वाहन तथा सिद्धार्थनगर से 23 वाहन शामिल हैं। साथ ही, और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

(6). जनपद के मुख्य स्थानो/चौराहों पर नई ट्रैफिक लाइट लगाए जाने हेतु स्थानों का चयन किया गया तथा संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही प्रारंभ की गयी। इसके साथ ही पूर्व में लगी खराब ट्रैफिक लाइट की मरम्मत करवाकर उन्हें पुनः क्रियाशील कराया जा रहा है।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**